Website: www.rssrashtriya.org E-mail: rss.rashtriya@gmail.com

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)

कार्यालय: 82, पटेल कॉलोनी, गवर्नमेन्ट प्रेस के पास, सरदार पटेल मार्ग, जयपुर-302001
संरक्षक: सर्वश्री राजनारायण शर्मा, उमराव लाल वर्मा, रामावतार शर्मा, प्रहलाद शर्मा

(Regd. & Recognised by Govt. & Affiliated to ABRSM, AIPTF, AISTF, E.I. & RRKM)

रमेश चन्द्र पुष्करणा	अशोक कुमार शर्मा	घनश्याम	महेन्द्र कुमार लखारा
अध्यक्ष	सभाध्यक्ष	संगठन मंत्री	महामंत्री
9460057712	9414796455	9460613672	9460209114

<u>प्रेस नोट</u>

सादर प्रकाशनार्थ

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने दिया नारा अबकी बार ढाई लाख पार : रमेश चंद्र पुष्करणा

शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने बताया कि संघठन के आधार परम श्रद्धेय श्री जयदेव जी पाठक के जन्म शताब्दी वर्ष में इस बार प्रदेश स्तर से दिए गए 'अबकी बार, ढाई लाख पार' के नारे को ध्यान में रखते हुए जिस तरह से मई की भीषण गर्मी के बावजूद संगठन के प्रति पूर्ण मनोयोग, परिश्रम निष्ठा और समर्पण के साथ एक सप्ताह तक सदस्यता अभियान के प्रथम चरण में संघठन के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई है उसी का परिणाम है बंधुओं केवल 7 दिवस में ही आप कार्यकर्ताओं के सहयोग से **एक लाख बयालिस हजार आठ सौ तिरासी(१४२८८३)** के सदस्यता के आंकड़े को हम पार कर चुके है।

माननीय प्रांत संघठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ घनश्याम जी भाई साहब की प्रेरणा,मार्गदर्शन ,निरंतर संवाद ,प्रवास ने सदस्यता अभियान में लगे कार्यकर्ताओ में जोश भरने का कार्य किया।

पूरे प्रदेश भर में कार्यकर्ताओ ने प्रथम चरण में संघठन की ऐतिहासिक सदस्यता कर परम श्रद्धेय श्री जयदेव जी पाठक को क्रियात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का प्रण लेकर प्रदेश के समस्त शिक्षक बंधुओ ने राष्ट्र के हित में शिक्षा,शिक्षा के हित में शिक्षक,शिक्षक हित में समाज,संघठन के विचार को पोषित करने का संकल्प लिया ,यह उनके संघठन के प्रति अटूट विश्वास और निष्ठा एवम समर्पण को दर्शाता है।

संघठन के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि हमे पूर्ण विश्वास है कि हम आप सभी कार्यकर्ताओ के सहयोग से सदस्यता के द्वितीय चरण में हमारे तय लक्ष्य ढ़ाई लाख से भी अधिक संख्या में सदस्यता करने और शिक्षक साथियों और शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली सभी समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से रखने और समाधान की दिशा में त्वरित गति से बढ़ने में सफल होंगे।

भवदीय

देवेन्द्र शर्मा

(देवेन्द्र शर्मा)
मीडिया प्रभारी